भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य, पूर्व सोवियत संघ के संविधान से लिए गए हैं| मौलिक कर्तव्य को सरदार स्वर्ण सिंह समिति की संस्तुति के आधार पर 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भाग 4- क के तहत जोड़ा गया हैं| इस लेख में आप को सभी परीक्षा में बार- बार पूछें प्रश्नों की जानकारी दी गई हैं तथा यहां से आप मौलिक कर्तव्य MCQ pdf Download कर सकते हैं|

वर्तमान में भाग 4 - क के अनुच्छेद 51 क के तहत मौलिक कर्तव्यों की कुल संख्या 11 हैं जबकि पहले इनकी संख्या 10 थी| 11 वां मूल कर्तव्य, 86 वें संविधान संशोधन अधिनियम (2002) द्वारा जोड़ा गया|

Q.1 निम्न में से किसके विचार पर भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य शामिल किया गया?

A) बलवंत राय मेहता समिति B) आयंगर समिति

C) स्वर्ण सिंह समिति D) ठक्कर

Ans C

Q.2 किस संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में नागरिकों के मूल कर्तव्यों को शामिल किया गया?

A) 42वां संशोधन B) 56वां संशोधन

C) 73वां संशोधन D) 98वां संशोधन

Ans 42वां संशोधन

Q.3 भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करने और अक्षुण्ण रखने के मौलिक कर्तव्य को किस स्थान पर रखा गया हैं?

A) चौथे B) तीसरे

C) दूसरे D) पहले

Ans B

Explain- भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करने और अक्षुण्ण रखने के मूल कर्तव्य को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51क के तहत तीसरे स्थान अर्थात उपखंड (ग) में रखा गया हैं|

Q.4 संविधान में नागरिकों के मौलिक कर्त्तव्यों की व्यवस्था 42वें संविधान संशोधन के द्वारा किस वर्ष की गयी?

A) 1976 B) 1975

C) 1978 D) 1980

Ans 1976

Q.5 42वें संविधान संशोधन के 10 आचार आदेशों को किस नाम से जाना जाता हैं?

A) मौलिक अधिकार B) मौलिक कर्तव्य

C) पंचायती राज के सिद्धांत D) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत

Ans B

Q.6 मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं हैं?

A) उन्हें परमादेश द्वारा प्रभावी बनाया जा सकता हैं|

B) उन्हें संवैधानिक प्रक्रिया से ही बढ़ाया जा सकता हैं|

C) अस्पष्ट विधियों की व्याख्या के लिए उनका उपयोग किया जा सकता हैं|

D) किसी विशिष्ट कर्तव्य का पालन करना संवैधानिक कानून के क्षेत्र में आता हैं, जिसे न्यायालय निश्चित करता हैं|

Ans. A

Q.7 भारत के नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का विवरण संविधान के किस भाग में दिया गया हैं?

A) भाग 1 B) भाग 4क

C) भाग 2 D) भाग 4

Ans. B

Q.8 मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में शामिल किया गया हैं?

A) अनुच्छेद 50क B) अनुच्छेद 50ख

C) अनुच्छेद 51क D) अनुच्छेद 51ख

Q.9 निम्न में से भारत में मौलिक कर्तव्य कौन-सा हैं?

A) न्यायपालिका से कार्यपालिका का पृथक्क़रण

B) बच्चों के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा

C) छुआछूत की परंपरा को समाप्त करना

D) हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना

Ans. D

Q.10 निम्न में से कौन भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक कर्तव्यों में सम्मिलित नहीं हैं?

A) देश की रक्षा करना एवं राष्ट्र की सेवा करना

B) ग्राम पंचायतों के गठन में सहायता करना

C) सार्वजानिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखना एवं हिंसा से दूर रहना

D) हमारी सामाजिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझना और उसका परीक्षण करना|

Ans. B

Q.11 "भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार" किस अनुच्छेद में शामिल हैं?

A) अनुच्छेद 21　　B) अनुच्छेद 48-A

C) अनुच्छेद 51-क　　D) अनुच्छेद 56

Ans. C

Q.12 भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्न में से कौन-सा मौलिक कर्तव्य नहीं हैं?

A) लोक चुनावों में मतदाता करना

B) वैज्ञानिक प्रवृति विकसित करना

C) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना

D) संविधान के प्रति निष्ठावान रहना और उसके आदर्शों का सम्मान करना

Ans. A

Q.13 निम्न युग्मों में से कौन एक सुमेलित नहीं हैं?

| संविधान का भाग | विषय |
|---|---|
| A) भाग II | नागरिकता |
| B) भाग III | मूल अधिकार |
| C) भाग IV | राज्य के नीति निदेशक तत्व |
| D) भाग V | मौलिक कर्तव्य |

Ans. D

Explain- 42वें संविधान द्वारा संविधान के भाग IV के पश्चात् एक नया भाग (IV-A) जोड़कर नागरिकों के मूल कर्तव्यों को समाविष्ट किया गया हैं|

Q.14 भारतीय संविधान में कितने मौलिक कर्तव्य हैं?

A) नौ B) ग्यारह

C) बारह D) बीस

Ans. B

Q.15 निम्न में से कौन-सा एक मौलिक कर्तव्य नहीं हैं?

A) राष्ट्रगान  का सम्मान करना

B) राष्ट्रीय संपत्ति का बचाव करना

C) राष्ट्रीय महत्व के स्थानों और स्मारकों की रक्षा करना

D) प्राकृतिक वातावरण का संरक्षण और सुधार करना

Ans. C

Q.16 निम्न में से कौन-सा तत्व भारतीय संविधान के भाग IV A (मूल कर्तव्य) में वर्णित नहीं हैं?

A) राष्ट्रीय ध्वज का आदर करना

B) भारत के सभी लोगों के मध्य भाईचारे का भाव विकसित करना

C) अपने माता-पिता और गुरुओं का आदर करना

D) हमारी समग्र संस्कृति की मूल्यवान धरोहर की रक्षा करना

Ans. C

इसे भी पढ़ें

राज्य के नीति निदेशक तत्व Mcq Pdf Download(सभी परीक्षा में बार-बार पूछें जानें वाले प्रश्न)

Q.17 मूल कर्तव्य का उल्लेख संविधान में कब किया गया?

A) 26 जनवरी 1950

B) संविधान निर्माण के समय

C) 42 वें संविधान संशोधन में

D) 41 वें संविधान संशोधन में

Ans. C

Q.18 भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त नागरिकों के मूल कर्त्तव्यों में निम्न में से कौन-सा सही हैं?

1) मिश्रित संस्कृति की समृद्व विरासत की रक्षा

2) वैज्ञानिक मनोदशा और खोज की भावना का विकास

3) सामाजिक अन्याय से कमजोर वर्गों की रक्षा करना

4) वैयक्तिक और सामूहिक कार्य-कलापों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए

A) 1 और 2　　B) 1 , 2 और 4

C) 1, 3 और 4　　D) केवल 3

Ans. B

Q.19 एक नागरिक के मूल कर्तव्य में निम्न में कौन-सा कर्तव्य सम्मिलित नहीं हैं?

A) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और उसका संवर्धन

B) अस्पृश्यता मिटाने की ओर प्रयास करें

C) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद ओर ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें

D) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रिय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को संजोएं रखे ओर उनका पालन करें

Ans. B

Q.20 निम्न में से कौन एक गलत हैं?

A) मूल कर्तव्य मौलिक अधिकारों का हिस्सा हैं|

B) मूल कर्तव्य मौलिक अधिकारों का भाग नहीं हैं|

C) अनुच्छेद 51-A प्रत्येक भारतीय नागरिक के मौलिक कर्तव्यों की व्याख्या करता हैं|

D) भारतीय संविधान के भाग IV क में मौलिक कर्तव्य गिनाए गए हैं|

Ans. A

Q.21 निम्न में से कौन-सा एक मौलिक कर्तव्य नहीं हैं?

A) राष्ट्रगान का सम्मान करना

B) राष्ट्रीय सम्पत्ति का बचाव करना

C) राष्ट्रीय महत्व के स्थानों और स्मारकों की रक्षा करना

D) प्राकृतिक वातावरण का संरक्षण और सुधार करना

Ans. C

Q.22 निम्न कथनों में से कौन-सा भारतीय नागरिक के मूल कर्तव्यों के विषय में सही हैं?

1) इन कर्त्तव्यों को प्रवर्तित करने के लिए एक विधायी प्रकृति दी गयी हैं|

2) ये विधिक कर्त्तव्यों के साथ परस्पर सम्बंधित हैं|

A) केवल 1 B) केवल 2

C) 1 और 2 दोनों D) न तो 1, न ही 2

Ans. D

Q.23 भारत के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा अधिकार और कर्तव्यों के बीच सही सम्बन्ध हैं?

A) अधिकार, कर्त्तव्यों के साथ सह-संबंधित हैं|

B) अधिकार व्यक्तिगत हैं अत: समाज और कर्तव्यों से स्वतंत्र हैं

C) नागरिक के व्यक्तिगत के विकास के लिए अधिकार महत्वपूर्ण हैं, न की कर्तव्य

D) राज्य के स्थायित्व के लिए कर्तव्य महत्वपूर्ण हैं, न की अधिकार

Ans. A

Q.24 भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार निम्न में से कौन-सा एक मौलिक कर्तव्य नहीं हैं?

A) राष्ट्रध्वज का सम्मान करना

B) राष्ट्र की प्रतिरक्षा करना

C) अपने बच्चों को शिक्षा प्रदान करना

D) ग्राम एवं कुटीर उधोगों को प्रोत्साहन देना

Ans. D

Q.25 संविधान सभा की प्रांतीय संविधान समिति का अध्यक्ष कौन था?

A) डॉ बी आर अम्बेडकर

B) पंडित जवाहरलाल नेहरू

C) डॉ राजेंद्र प्रसाद

D) सरदार पटेल

Ans. D

मौलिक कर्तव्य से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करे|

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे|

(ग) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे|

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वन किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करे|

(ड़) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के समान के विरूद्ध हैं|

## मौलिक कर्तव्य **MCQ Pdf Download**

यदि आप मौलिक कर्तव्य MCQ Pdf Download करना चाहते हैं, तथा परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियां प्राप्त करना चाहते हैं। तो आप हमारे द्वारा नीचे दिए गए लिंक के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं।

मौलिक कर्तव्य Mcq Pdf Download

मौलिक कर्तव्य MCQ Pdf Download Click here

Also Read

सांस फूलने में क्या नहीं खाना चाहिए ?

केंद्र-राज्य संबंध Pdf Download |Center-State Relations UPSC